सत्यमेव जयते

**UPPSC/UPPCS**
**Exam Paper**

# यूपीपीएससी – यूपीपीसीएस

# मुख्य परीक्षा 2020

# वैकल्पिक विषय

# प्रश्न पत्र

# “विधि द्वितीय प्रश्न पत्र”

परीक्षा तिथि: 25th जनवरी 2020

No. of Printed Pages : 7

Serial No. [redacted]

# PSL – 16/20-Paper-II

## विधि (प्रश्न–पत्र – II)

## LAW (PAPER – II)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

(ii) **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं ।

(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं ।

**Specific Instructions :**

(i) There are total **eight** questions in **two** Sections, printed in both **Hindi** and **English**.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** questions from **each** Section.

(iii) Marks are given against **each** of the question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / SECTION – A

1. (a) आपराधिक मन:स्थिति के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए । भारतीय दंड संहिता में यह सिद्धान्त किस सीमा तक लागू है ? विवेचना कीजिए ।
विधि के समादेशों के अनुवर्तन में अपने वरिष्ठ ऑफिसर के आदेश से एक सैनिक 'क' भीड़ पर गोली चलाता है । सैनिक 'क' के आपराधिक दायित्व का सकारण निर्धारण कीजिये । 15

Explain the doctrine of mens rea. To what extent this doctrine is applicable in the Indian Penal Code ? Discuss.

'A', a soldier, fires on a mob by the order of his superior officer, in conformity with the commands of the law. Determine the criminal liability of soldier 'A' with reasons.



STUDY MARATHON
Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 34 के अन्तर्गत सामान्य आशय के विभिन्न तत्वों की विवेचना कीजिये ।

'क' उचित सावधानीपूर्वक कुल्हाड़ी से कार्य कर रहा है; कुल्हाड़ी का फल उसमें से निकलकर उछल जाता है और निकट खड़ा हुआ व्यक्ति उससे मारा जाता है । 'क' के आपराधिक दायित्व का सकारण निर्धारण कीजिये । **15**

Discuss various ingredients of common intention under Section 34 of Indian Penal Code.

'A' with proper caution is at work with a hatchet; the head flies off and kills a man who is standing by. Determine the criminal liability of 'A' with reasons.

(c) 'चोरी', 'उद्दापन', 'लूट' और 'डकैती' अपराधों के बीच अंतर लिखिए । **10**

Write down the difference between the offence of 'Theft', 'Extortion', 'Robbery' and 'Dacoity'.

2. (a) व्यपहरण तथा अपहरण में भेद कीजिये । अपहरण को क्यों एक सतत जारी रहने वाला अपराध माना जाता है ? स्पष्ट कीजिये ।

मिथ्या साक्ष्य देने के लिए 'ख' को 'क' उकसाता है किन्तु 'ख' मिथ्या साक्ष्य नहीं देता है । 'क' के आपराधिक दायित्व का सकारण निर्धारण कीजिये । **15**

Distinguish between kidnapping and abduction. Why abductions are treated as continuing offence ? Elucidate.

'A' instigates 'B' to give false evidence but 'B' does not give false evidence. Determine the criminal liability of 'A' with reasons.

(b) मानहानि के आवश्यक तत्वों का वर्णन कीजिये । मानहानि के अपराध के क्या–क्या अपवाद हैं ?

'क' से पूछा जाता है कि 'ख' की घड़ी किसने चुराई है । 'क' यह विश्वास कराने के आशय से कि 'य' ने 'ख' की घड़ी चुराई है, 'य' की ओर संकेत करता है। 'क' के आपराधिक दायित्व का सकारण निर्धारण कीजिये । **15**

Explain the essentials of the Defamation. What are the exceptions to the offence of Defamation ?

'A' is asked who stole 'B's watch. 'A' points to 'Z', intending to cause it to be believed that 'Z' stole B's watch. Determine the criminal liability of 'A' with reasons.

(c) सदोष मानव वध से आप क्या समझते हैं ? सदोष मानव वध कब हत्या होता है ? समझाइये । **10**

What do you understand by culpable homicide ? When does culpable homicide amounts to murder ? Explain.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

3. (a) प्रकृति विरुद्ध अपराध क्या है ? क्या दो उभयलिंगी वयस्कों के बीच सहमति से किया गया सेक्स अपराध माना जाता है ? मार्गदर्शक वाद की सहायता से विवेचना कीजिये ।
'क' अपनी घड़ी मरम्मत के लिए 'ख' को देता है । जब 'ख' अपने दुकान पर नहीं होता तब 'क' मरम्मत की हुई घड़ी को बिना 'ख' की जानकारी के और बिना भुगतान के अपने घर उठा लाता है । 'क' के आपराधिक दायित्व का सकारण निर्धारण कीजिये । 15
What is an unnatural offence ? Whether consensual sex between two same sex adults be considered as an offence ? Discuss with the help of leading case.
'A' gives his watch to 'B' for repair. When 'B' is not at his shop, 'A' picks up the repaired clock at his house without 'B's knowledge and without payment. Determine the criminal liability of 'A' with reasons.

(b) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत विहित सिविल अधिकार को परिभाषित कीजिये । धार्मिक और सामाजिक निर्योग्यताओं को लागू कराने के लिए इस अधिनियम के अन्तर्गत विहित दण्ड का परीक्षण कीजिये । 15
Define Civil Rights as prescribed under the Protection of Civil Rights Act, 1955. Examine the punishments for enforcing religious and social disabilities as prescribed under this Act.

(c) भारत में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 किस सीमा तक सहायक सिद्ध हुआ है ? परीक्षण कीजिये । 10
To what extent the Prevention of Corruption Act, 1988 has proved helpful to curb corruption in India ? Examine.

4. (a) 'परक्राम्य लिखत' से आप क्या समझते हैं ? परक्राम्य लिखतों की वैधानिक मान्यता की विवेचना कीजिये ।
'क' अपने आदेशानुसार देय 500 रुपये का विनिमय पत्र 'ख' पर लिखता है । 'ख' विनिमय पत्र को प्रतिगृहीत कर लेता है, किन्तु तत्पश्चात् संदाय न करके उसे अनादृत कर देता है । 'क' विनिमय पत्र के आधार पर 'ख' पर वाद लाता है। 'ख' साबित कर देता है कि 400 रुपये के लिए तो वह मूल्यार्थ प्रतिगृहीत किया गया था और अवशिष्ट के लिए वादी के सौकर्य के लिए प्रतिगृहीत किया गया था। 'क' द्वारा कितना रकम वसूल किया जा सकता है ? निर्णय कीजिए । 15
What do you understand by 'Negotiable Instrument' ? Discuss the legal presumptions made in respect of a Negotiable Instrument.
'A' draws a bill of exchange on 'B' for Rs. 500 payable to the order of 'A', 'B' accepts the bill of exchange, but subsequently dishonours, it by non-payment. 'A' sues 'B' on the Bill. 'B' proves that it was accepted for value as to Rs. 400, and as an accommodation to the plaintiff as to the residue. How much amount can be recovered by 'A' ? Decide.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) जनहित याचिका सामाजिक परिवर्तन का एक साधन बन गया है । क्या आप सहमत हैं ? मार्गदर्शक वादों की सहायता से विवेचना कीजिये । 15

Public Interest Litigation has become an instrument of social change. Do you agree ? Discuss with the help of leading cases.

(c) सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया को समझाइये। इस अधिनियम के अन्तर्गत कौन–कौन से सूचना प्रदान नहीं किये जा सकते हैं ? वर्णन कीजिये । 10

Explain the procedure for obtaining information under the Right to Information Act, 2005. What informations are not disclosable under this Act ? Explain.

## खण्ड – ब / SECTION – B

5. (a) निर्णीत सुसंगत वादों की सहायता से सूत्र 'बिना हानि के क्षति' एवं 'बिना क्षति के हानि' का वर्णन कीजिये ।

एक घोड़ा जिसके पैर बाँध दिए गए हैं, सड़क पर छोड़ दिया गया है । एक कार उससे टकराकर उसे घायल कर देती है । क्या घोड़े का स्वामी क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकता है ? सकारण उत्तर दीजिये । 15

Explain the maxims 'Injuria sine damno' and 'Damnum sine injuria' citing relevant decided case laws.

A horse is left on the road with leg tied. A car runs into it and injures. Can the owner of the horse recover damages ? Answer with reasons. Contributory

(b) निर्णीत वादों की सहायता से क्षति की दूरस्थता के निर्धारण के लिए विभिन्न परीक्षणों का वर्णन कीजिये ।

'क' जो क्रिकेट मैच देख रहा था उसे खिलाड़ी 'ख' द्वारा खेली गई गेंद सिर पर आकर लगती है । क्या खिलाड़ी 'ख' इसके लिए दायी होगा ? 15

With the help of decided cases explain the tests for determining remoteness of damage.

'A' who was watching a cricket match was hit on his head by the ball played by player 'B'. Whether the player 'B' will be liable for that ?

(c) रायलैंड बनाम फ्लेचर वाद में प्रतिपादित कठोर दायित्व के सिद्धान्त का अपवादों के साथ वर्णन कीजिये। 10

Explain the rule of strict liability as laid down in Rylands vs. Fletcher with exceptions.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

6. (a) संविदाकल्प से आप क्या समझते हैं ? संक्षेप में विवेचना कीजिये ।
रमेश, जिसकी उम्र सोलह वर्ष है, एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ रहा था । 1 मार्च, 2019 को उन्होंनें अपने कॉलेज के शुल्क के भुगतान के लिए सुरेश से एक लाख रुपये का ऋण लिया और 30 नवंबर, 2020 तक भुगतान करने के लिए सहमत हो गया । रमेश के पास 10 लाख रुपये की संपत्ति है । नियत तारीख पर, रमेश सुरेश को ऋण वापस करने में विफल रहता है । सुरेश अब रमेश की संपत्ति में से कर्ज वसूलना चाहता है। क्या सुरेश सफल होगा ? भारतीय संविदा अधिनियम 1872, के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए निर्णय कीजिये। **15**

What do you understand by Quasi-Contract ? Discuss in brief.
Ramesh, aged 16 years, was studying in an Engineering College on 1 March, 2019 he took a loan of Rs. 1 lakh from Suresh for the payment of his college fee and agreed to pay by 30th November, 2020. Ramesh possesses assets worth Rs. 10 lakhs. On due date Ramesh fails to pay back the loan to Suresh. Suresh now wants to recover the loan from Ramesh out of his assets. Whether Suresh would succeed ? Decide, referring to the provisions of the Indian Contract Act, 1872.

(b) 'संविदा के मानक रूप से' आप क्या समझते हैं ? निर्णीत वादों की सहायता से वर्णन कीजिये ।
'क' संविदा करता है कि वह एक विदेशी पत्तन पर 'ख' के लिए माल भरेगा । तत्पश्चात् 'क' की सरकार उस देश के विरुद्ध, जिसमें वह पत्तन स्थित है, युद्ध की घोषणा कर देती है । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के सुसंगत प्रावधानों की सहायता से इस संविदा की वैधता का परीक्षण कीजिये । **15**

What do you mean by 'Standard Forms of Contract' ? Discuss with the help of leading cases.
'A' contracts to take in cargo for 'B' at a foreign port. A's Government afterwards declares war against the country in which the port is situated. With the help of suitable provisions of the Indian Contract Act, 1872, examine the validity of this contract.

(c) प्रतिफल से आप क्या समझते हैं ? क्या ऐसी कोई परिस्थितियाँ हैं, जिनके अन्तर्गत एक प्रतिफलरहित करार भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के तहत वैध है ? वर्णन कीजिये । **10**

What do you understand by the term 'Consideration' ? Are there any circumstances under which a contract without consideration is valid under the provisions of the Indian Contract Act, 1872 ? Explain.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

7. (a) एक अभिकर्ता से आप क्या समझते हैं ? मालिक एवं तृतीय पक्षकार के विरुद्ध एक अभिकर्ता के क्या अधिकार हैं ?

'ख' को, जो एक वणिक है, 'क' विक्रय के लिए माल सुपुर्द करता है। 'ख' सम्यक् अनुक्रम में अच्छे प्रत्यय वाले एक नीलामकर्ता को 'क' का माल बेचने के लिए नियोजित करता है, और नीलामकर्ता को विक्रय के आगम प्राप्त करने के लिए अनुज्ञात करता है। नीलामकर्ता तत्पश्चात् उन आगमों का लेखा-जोखा दिए बिना दिवालिया हो जाता है। उन आगमों के लिए 'क' के प्रति 'ख' के उत्तरदायित्व का निर्धारण कीजिए। 15

What do you mean by an agent ? Explain the rights of an agent against his principal and third parties.

'A' consigns goods to 'B', a merchant, for sale. 'B' in due course, employs an auctioneer in good credit to sell the goods of 'A', and allows the auctioneer to receive the proceeds of the sale. The auctioneer afterwards becomes insolvent without having accounted for the proceeds. Determine the responsibility of 'B' to 'A' for the proceeds.

(b) 'क्षतिपूर्ति की संविदा' एवं 'प्रत्याभूति की संविदा' से आप क्या समझते हैं ? इन दोनों के मध्य अन्तर लिखिये।

'ख' को 'क' एक विनिमय-पत्र के प्रतिगृहीत 'ग' द्वारा संदाय की प्रत्याभूति देता है। विनिमय-पत्र 'ग' द्वारा अनादृत कर दिया जाता है। कारण सहित 'क' के उत्तरदायित्व का निर्धारण कीजिये। 15

What do you mean by 'Contract of Indemnity' and 'Contract of Guarantee' ? Write distinction in between these two.

'A' guarantees to 'B' the payment of a bill of exchange by 'C' the acceptor. The bill is dishonoured by 'C'. Determine the liability of 'A' with reasons.

(c) माल विक्रय अधिनियम, 1930 में विवक्षित शर्त और विवक्षित आश्वासन कौन-कौन से हैं ? विवेचना कीजिये। 10

What are implied conditions and implied warranties under the Sale of Goods Act, 1930 ? Discuss.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

8. (a) भागीदारी के आवश्यक तत्व क्या हैं ? भागीदारी और कम्पनी में भेद कीजिये ।
'क', 'ख', 'ग', 'घ', अलग-अलग मोटर मालिक अपनी मोटरों को वाराणसी और प्रयागराज के बीच एक निश्चित किराए पर चलाने और समान रूप से कार्यवाही को विभाजित करने के लिए सहमत होते हैं। क्या 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' भागीदार हैं ? विवेचना कीजिए । **15**

What are the essential elements of partnership ? Distinguish partnership from company.

'A', 'B', 'C' and 'D' different motor owners agree to ply their motors between Varanasi and Prayagraj at a fixed fare and to divide the proceeds equally. Are 'A', 'B', 'C' and 'D' partners ? Discuss.

(b) क्या नाबालिग को फर्म के भागीदार के रूप में भर्ती किया जा सकता है ? यदि ऐसा है तो क्या वह बाद में इस तरह की साझेदारी की पुष्टि या निरस्त कर सकता है ? ऐसे भागीदार के अधिकारों और देनदारियों का वर्णन कीजिये। **15**

Can a minor be admitted as partner of a firm ? If so, can he subsequently ratify or revoke such partnership ? Describe the rights and liabilities of such partner.

(c) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों और प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिये । **10**

Explain objectives and salient features of the Competition Act, 2002.

---



Downloaded from: http://studymarathon.com/